सीसीटीएनएस/ईमेल

मुख्यालय उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीकी सेवायें

महानगर, लखनऊ–226006

पत्र सं0–टीएस–सीसीटीएनएस–87/2014(II) दिनॉक:लखनऊ:अक्टूबर 17, 2017

सेवा में,

अपर पुलिस महानिदेशक,
लखनऊ जोन, लखनऊ।

सीएम डैश बोर्ड पर प्रदर्शित हो रही सूचनाओं की हर स्तर पर समीक्षा हो रही है। ज्ञातव्य हो कि पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्या टीएस–सीसीटीएनएस–56/2011(II) दिनांक 26–09–2017 के द्वारा सभी जोन, परिक्षेत्र एवं जनपद स्तर से लेकर बीट स्तर तक के अधिकारियों/कर्मचारियों का वार्षिक मन्तव्य सीसीटीएनएस पोर्टल पर प्रदर्शित हो रहे ऑकड़ों के आधार पर किया जायेगा। इसी क्रम में सीएम डैश बोर्ड पर लखनऊ जोन के अन्तर्गत आने वाले जनपदों के थानों की गिरफ्तारी के संदर्भ में समीक्षा की गयी तो निम्नवत स्थिति पायी गयी।

(क) जनपद लखनऊ द्वारा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु में काफी सराहनीय प्रयास किया गया है, लेकिन जनपद के कतिपय थानों द्वारा ठाकुरगंज, विकास नगर, मलिहाबाद, हजरतगंज, हसनगंज, हुसैनगंज द्वारा कार्यवाही में कोई रूचि नहीं ली जा रही है। जबकि इसी जनपद के कतिपय थानों द्वारा सर्वाधिक सूचनाएं फीड की जा रही हैं।

गैंगस्टर ऐक्ट के अन्तर्गत केवल थाना गाजीपुर एवं महानगर द्वारा ही रूचि ली गयी है बाकी थानों द्वारा गिरफ्तारी की सूचना शून्य है।

(ख) जनपदीय पुलिस प्रभारी से अपेक्षा की जाती है कि जिन थानों में फीडिंग नहीं हो पा रही है तथा वहॉ के कर्मचारियों द्वारा खराब प्रदर्शन किया जा रहा है, उन कर्मचारियों की ट्रेनिंग उन थानों के कर्मचारियों से करा दी जाए जहॉ का प्रदर्शन अच्छा हो।

(ग) जनपद सीतापुर में थाना सिधौली, तालगॉव द्वारा आई0एफ0–3 में प्रविष्टियों के फीडिंग की कार्यवाही काफी धीमी है, जबकि इस जनपद के अन्य थानें अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

<u>गैंगस्टर ऐक्ट</u> के अभियुक्तों की गिरफ्तारी में थाना महमूदाबाद, तम्बौर एवं लहरपुर द्वारा गिरफ्तारी मे अच्छा प्रयास किया गया है, जबकि जनपद के शेष थानों द्वारा गैंगस्टर ऐक्ट के अभियुक्तों की गिरफ्तारी का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है।

(घ) जनपद रायबरेली में वॉछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी में थाना कोतवाली नगर, लालगंज, महाराजगंज, सरेनी और शिवगढ़ द्वारा प्रयास नहीं किया जा रहा है।

इसी प्रकार गैंगस्टर ऐक्ट के अभियुक्तों की गिरफ्तारी मे थाना मिल एरिया को छोड़कर इस जनपद के अन्य किसी भी थाने द्वारा गैंगस्टर ऐक्ट की कार्यवाही का कोई प्रयास नहीं किया गया है।

(ड़) जनपद हरदोई द्वारा थाना मल्लावा एवं माधौगंज को छोड़कर शेष सभी थानों द्वारा अच्छा प्रयास किया गया है।

इस जनपद द्वारा <u>गैंगस्टर ऐक्ट</u> के तहत अभियुक्तों की गिरफ्तारी में सराहनीय प्रयास किया गया है।

(च) जनपद <u>लखीमपुर–खीरी</u> के थानों द्वारा वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी में व्यापक सुधार हुआ है लेकिन थाना धौरहरा मे विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है।

<u>गैंगस्टर ऐक्ट</u> के अभियुक्तों की गिरफ्तारी में केवल थाना निघासन, पलिया एवं कोतवाली सदर द्वारा सफल प्रयास किया गया है, बाकी शेष थानों द्वारा इस क्षेत्र में रूचि नहीं ली जा रही है।

(छ) जनपद उन्नाव में वांछित अभियुक्तों की गिरफतारी में थाना फतेहपुर–चौरासी को छोड़कर अन्य सभी थानों द्वारा अच्छा प्रयास किया गया है।

गैंगस्टर ऐक्ट के अभियुक्तों की गिरफ्तारी थाना औरास एवं अजगैन द्वारा रूचि ली जा रही हैं, शेष थानों से भी कार्यवाही कराने की आवश्यकता है।

(ज) जनपद सुल्तानपुर के थाना कादीपुर को छोड़कर शेष थानों द्वारा वॉछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी का अच्छा प्रयास किया गया हैं। थाना कोतवाली नगर द्वारा वॉछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जाना आवश्यक है।

<u>गैंगस्टर ऐक्ट</u> के वॉछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्षेत्र में कोतवाली देहात, लम्भुआ, चांदा को छोड़कर अन्य थानों द्वारा कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है।

(झ) जनपद अमेठी में थाना–जायस, बाजार शुक्ल एवं अमेठी द्वारा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी का कोई प्रयास नहीं किया जा रहा हैं।

जबकि गैंगस्टर ऐक्ट के अभियुक्तों की गिरफ्तारी में थाना जामो को छोड़कर शेष थानों द्वारा कोई प्रयास नहीं किया जा रहा हैं।

(ञ) जनपद बाराबंकी द्वारा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी में थाना मोहम्मदपुर खाला को छोड़कर अन्य सभी थानों द्वारा विशेष रूचि ली जा रही है।

गैंगस्टर ऐक्ट में थाना जैतपुर, हैदरगढ, बदोसराय को छोड़कर अन्य किसी थाना द्वारा कोई रूचि नही ली जा रही है।

(ट) जनपद अम्बेडकर नगर व फैजाबाद द्वारा सभी प्रकार के वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी में सराहनीय प्रयास किया जा रहा है।

उपरोक्त के संदर्भ में अपेक्षा है कि आप अच्छे कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों द्वारा खराब कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों का मार्गदर्शन करायें एवं अपने स्तर से भी इसका सतत अनुश्रवण कर इस दिशा में व्यापक सुधार कराने का प्रयास करे जिससे सीएम डैश बोर्ड पर लखनऊ जोन की पुलिस कार्यवाही से सम्बन्धित सूचनाओं का प्रदर्शन अच्छा रहे। सराहनीय कार्य करने कार्य करने वाले कर्मियों के सेवा अभिलेख में उत्तम प्रविष्टि (Good Entry) दी जाए।

17/10

(महेन्द्र मोदी)
पुलिस महानिदेशक,
तकनीकी सेवायें,उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1.पुलिस महानिरीक्षक, लखनऊ/फैजाबाद परिक्षेत्र, उ0प्र0।
2.वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक लखनऊ, उन्नाव, सीतापुर, रायबरेली, हरदोई, लखीमपुर खीरी, फैजाबाद, बाराबंकी, अम्बेडकर नगर, सुल्तानपुर एवं अमेठी।